# प्रमुख घटनाएं और उपलब्धियां

(अगस्त, 2016)

*****

1. मंत्रालय ने विभिन्न राज्यों द्वारा भेजे जाने वाली स्वास्थ्य सबंधी चुनौतियों पर ध्यान देने में उनके द्वारा अंगीकृत विभिन्न उत्तम और अनुकरणीय परिपाटियों तथा नवाचारों के आदान-प्रदान और उनसे सीख हासिल करने के लिए माननीय केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री की अध्यक्षता में 29 से 31 अगस्त, 2016 तक तिरूपति, आंध्र प्रदेश में जन स्वास्थ्य परिचर्या प्रणाली में उत्तम एवं अनुकरणीय परिपाटियों तथा नवाचारों के संबंध में तीसरा राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन आयोजित किया। इस शिखर सम्मेलन में राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के वरिष्ठ अधिकारियों/मिशन निदेशकों और निदेशकों, विभिन्न विकास मूलक सहभागी एजेंसियों तथा सिविल समाज के संगठनों ने भाग लिया।

2. माननीय केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री द्वारा दिनांक 5 अगस्त, 2016 को मां का पूर्ण दुलार (माँ) कार्यक्रम शुरू किया गया। माननीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री भी इसमें उपस्थित थे।

3. भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के अधिनियम का दशक मनाने के लिए 22 अगस्त, 2016 को एक स्मृति समारोह का आयोजन किया। माननीय केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे और सचिव (एचएफडब्ल्यू) विशेष अतिथि थे। “एकीकृत खाद्य विधि तथा खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के 10 वर्षों के दशक का स्मरण” संबंधी एक विशेष स्मृति संस्करण तथा एक कॉफी टेबलबुक का विमोचन किया गया।

4. 26 नए चिकित्सा कॉलेजों की स्थापना (एमबीबीएस की कुल 3850 सीटें), एमबीबीएस की 350 सीटें बढ़ाने (6 चिकित्सा कॉलेजों में), 30 सुपर स्पेशियलिटी पाठ्यक्रमों में स्नातकोत्तर की 60 सीटें बढ़ाने तथा 31 चिकित्सा कॉलेजों को नवीकरण संबंधी अनुमति देने के लिए शैक्षणिक वर्ष 2016-17 में अनुमति पत्र जारी किए गए।

5. सचिव (एचएफडब्ल्यू) की अध्यक्षता में दिनांक 31.08.2016 को व्यय वित्त समिति की बैठक में 481.95 करोड़ रुपए के कुल परिव्यय के साथ देश में "खाद्य जांच प्रणाली के सुदृढ़ीकरण" हेतु केंद्रीय सेक्टर की एक स्कीम की सिफारिश की गई। इस स्कीम को वर्ष 2016-17 से शुरू करके तीन वर्षों के भीतर क्रियान्वित किया जाना है।

6 जम्मू और कश्मीर में पवित्र अमरनाथ गुफा के मार्ग में पंचतरणी में एक टेलिमेडिसिन नोड स्थापित किया गया है।

7. 5 अगस्त, 2016 को "स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के लिए एकसमान प्रवेश परीक्षा हेतु नई धारा 10घ जोड़ने" के संबंध में दंत चिकित्सक (संशोधन) अधिनियम, 2016 (2016 का 40) को सरकारी राजपत्र में अधिसूचित और प्रकाशित किया गया है।

8. 4 दंत-चिकित्सा कॉलेजों के संबंध में 9 विशेषज्ञताओं में कुल 29 सीटों के साथ एमडीएस डिग्री के लिए मान्यता की अधिसूचना जारी की गई है।

9. 6 दंत-चिकित्सा कॉलेजों के संबंध में कुल 340 सीटों के साथ बीडीएस डिग्री की मान्यता की अधिसूचना जारी की गई है।

10. लाभार्थी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों/सरकारी विभागों को शैक्षणिक वर्ष 2016-17 के लिए केंद्रीय पूल योजना (भारत सरकार द्वारा नामित) योजना के तहत 236 एमबीबीएस और 38 बीडीएस सीटों का आबंटन।

11. सभी मेडिकल शैक्षणिक संस्थाओं में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर "एकसमान प्रवेश परीक्षा" के लिए संगत खंड जोड़ने हेतु दिनांक 5 अगस्त, 2016 को भारत के राजपत्र में भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद (संशोधन) अधिनियम, 2016 अधिसूचित किया गया।

12. जिला/रेफरल अस्पतालों को उन्नत करके नए मेडिकल कॉलेज स्थापित करने हेतु सीएसएस के तहत मंत्रालय द्वारा डिफू [असम], सीकर [राजस्थान] और बहराइच [उत्तर प्रदेश] के डीपीआर को मंजूरी प्रदान की गई है।

13. मंत्रालय द्वारा दिनांक 10 अगस्त, 2016 को 18 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में 11 करोड़ बच्चों को शामिल करते हुए राष्ट्रीय कृमिनाशन दिवस का दूसरा राउंड शुरू किया गया।

14. मंत्रालय द्वारा 1-2 अगस्त, 2016 को बंगलुरू, कर्नाटक में "स्वास्थ्य निगरानी प्रणाली का सुदृढ़ीकरण और उत्तम परिपाटी" विषय पर ब्रिक्स कार्यशाला का आयोजन किया गया।

15. एम्स, नई दिल्ली को वर्ष 2016-17 के लिए ओवरसाइट समिति की सिफारिश के तहत 25 करोड़ रुपए की धनराशि की मंजूरी दी गई है।

16. एफएएसएसआई द्वारा 10@10 नई पहलें शुरू की गई:

- घर पर सुरक्षित और पोषक आहार
- स्कूल में सुरक्षित और पोषक आहार
- कार्यस्थल पर सुरक्षित और पोषक आहार
- सर्व सेफ
- सुरक्षित और पोषक आहार के लिए कॉरपोरेट
- कनेक्ट टू सिटीजन्स
- जीवन के लिए आहार
- खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण और प्रमाणन
- एकीकृत खाद्य मानक-शीघ्रता से उपलब्ध कराने की प्रणाली
- खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं का सुदृढ़ीकरण

17. अगस्त, 2016 में निम्नलिखित अधिसूचनाएं जारी की गईं:

- भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (उसकी बैठकों में कार्य संचालन) संशोधन अधिनियम, 2016
- मिश्रित वनस्पति तेल के लिए अधिकतम अनुमत पैक साइज 15 लीटर सहित 15 कि.गा.
- फलों को पकाने के लिए एथीलीन गैस के उपयोग को शामिल करना।

➢ खाद्य सुरक्षा एवं मानक (खाद्य उतपाद मानक एवं खाद्य योज्य) विनियम, 2011 में नई परमाणु ऊर्जा (खाद्य और संबद्ध उत्पादों का विकिरण प्रसंस्करण) नियम, 2012 को शामिल करना।

18. नाको द्वारा हैदराबाद (1-2 अगस्त, 2016) दिल्ली (5-6 अगस्त, 2016) में नाको की डाटा प्रणाली के संबंध में तीन क्षमता निर्माण राष्ट्रीय कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य राज्य भर में नाको के विभिन्न आईटी अनुप्रयोगों की जानकारी और कार्य प्रणाली के अनुभव को सुदृढ़ करना था।

19. राष्ट्रीय समन्वय केंद्र, एनआईबी ने दिनांक 22 अगस्त, 2016 को किंग जार्ज मेडिकल विश्वविद्यालय (केजीएमयू) लखनऊ में भारतीय हीमोविजीलेंस कार्यक्रम के संबंध में 28वीं निरंतर चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) का आयोजन किया है।

20. वर्ष 2016-17 के दौरान, अगस्त, 2016 में राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम के तहत लगभग 1.56 लाख मोतियाबिंद की सर्जरी की गईं, स्कूली बच्चों को लगभग 13,059 चश्मे नि:शुल्क वितरित किए गए तथा दान किए गए लगभग 1,385 नेत्र इकट्टे किए गए।

21. एकीकृत खाद्य कानून का एक दशक पूरा होने की स्मृति में, दिनांक 22 अगस्त, 2016 को एफएसएसएआई द्वारा एक समन्वित वेबसाइट आरम्भ की गई। इस अवसर पर उपभोक्ताओं द्वारा डिब्बा बंद खाद्य पदार्थों तथा खाद्य परिसरों के संबंध में अपनी शिकायतों के पंजीकरण 'फूड सेफ्टी वॉइश' नामक एक बेव-पोर्टल को भी आरम्भ किया गया।

22. प्रशिक्षण प्रबंधन सूचना प्रणाली (टीएमआईएस), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के दल के पूर्ण तकनीकी सहयोग से पांच राज्य अर्थात हरियाणा, ओडिशा, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, तथा तेलंगाना आज की तारीख में ऑनलाइन हैं तथा ऑनलाइन कार्य कर रहे हैं।

******